<u>समाचार</u>

# आमजन की सुविधा के अनुरूप, सुनिश्चित कराएं जोन कार्यालय की व्यवस्था, समस्याओं का किया जाए तत्काल निराकरण – आयुक्त

## (निगम के जोन कार्यालय – '' जोन – आपकी सेवा में – सर्विसेस @ जोन '' की संकल्पना पर करेंगे काम)

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने रविशंकर नगर जोन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा )

## (राजस्व वसूली कार्यप्रगति, राशन कार्ड वितरण सहित विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की ली जानकारी, कार्यो में त्वरित गति लाने के दिए निर्देश)




कोरबा 04 अप्रैल 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि नगर पालिक निगम कोरबा के सभी जोन एक जनसेवा केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे, उन्होने जोन कार्यालयों को **'' जोन आपकी सेवा में – सर्विसेस @ जोन ''** की संकल्पना देते हुए अधिकारियों को इस संकल्पना की पूर्ति की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देशित किया कि जोन कमिश्नर एवं जोन कार्यालयों का समस्त स्टाफ प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे, इसका कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कार्यालयों में शिकायत पेटी रखने, प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर उनका यथासंभव त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के रविशंकर नगर जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कार्यालय में स्थित जोन कमिश्नर कक्ष, उप जोन प्रभारी कक्ष, अभियंता कक्ष, राजस्व विभाग, राशन कार्ड वितरण, स्टाफ कक्ष, स्वच्छता व साफ–सफाई, शौचालय, यूरिनल, पेयजल व्यवस्था सहित सम्पूर्ण जोन कार्यालय भवन का निरीक्षण किया, कार्यालय में संधारित पंजियों, दस्तावेजों, नस्तियों आदि का अवलोकन किया। उन्होने मोबाईल मेडिकल यूनिट, स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया तथा स्टोर में उपलब्ध दवाओं व संधारित दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टोर्स में सभी निर्धारित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निर्वाध रूप से बनी रहे, निर्धारित समय पर मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर हेतु प्रस्थान करें, यह सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कार्यालयों की सभी व्यवस्थाओं को जनसेवा केन्द्र के रूप में चुस्त–दुरूस्त करने, कार्यालय में आने वाले आमनागरिकों के बैठने व शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि के निर्देश भी जोन कमिश्नर को दिए।

**राजस्व वसूली की प्रकिया व कार्यप्रगति की समीक्षा** – इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कार्यालय में संधारित राजस्व वसूली कार्यो से जुड़ी पंजियों, दस्तावेजों, नस्तियों आदि का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने में राजस्व वसूली की प्रक्रिया व कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली से जुड़ी समस्त कार्यप्रक्रिया में आवश्यक गति लाते हुए राजस्व वसूली के माहवार निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति करें। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण व राशन कार्ड वितरण आदि की विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**कार्य में विलंब, निर्माण एजेंसी को अंतिम चेतावनी** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय रविशंकर नगर जोनांतर्गत रामनगर बस्ती पहुंचे, रामनगर में निगम द्वारा निर्मित कराए जाए रहे कलवर्ट के निर्माण कार्य की पूर्णता में देरी होने पर उन्होने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को अंतिम चेतावनी पत्र जारी करने व कार्य को शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

**मुड़ापार बाजार व सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय इस दौरान मुड़ापार बाजार पहुंचे, बाजार में चल रहे नवीन कंस्ट्रक्शन कार्यो का अवलोकन किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने मुड़ापार बाजार की साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, वहॉ पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाने, व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**हेलीपेड में बनेगा विजिटर कक्ष** – कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने विगत दिनों शहर के निरीक्षण दौरे के दौरान मुड़ापार हेलीपेड में विजिटर कक्ष का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ मुड़ापार हेलीपेड पहुंचकर विजिटर कक्ष निर्माण हेतु स्थल चिन्हाकंन व अन्य संबंधित कार्यो पर अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, किरण साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक पी.जी. गोस्वामी, मोहन कैवर्त, बेदराम राठौर, बसंत सिदार, अरविंद तिवारी, महावीर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।